तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 6 जून 2025

राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर

13 विश्व पर्यावरण दिवस पर अस्पताल परिसर में...



14 राज्यपाल रमेन डेका का देवांगन ने किया स्वागत



## खबर संक्षेप

### पत्नी के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम छुईहा की एक महिला के साथ उसके पति ने मारपीट कर दी। प्रार्थिया रीना यादव ने सिंघोड़ा पुलिस को बताया कि 4 जून को शाम 7 बजे उसका पति हृदेश यादव शराब पीकर आया और मोबाईल गिरवी रखा हूं लेने जाउंगा कहते हुए पैसा मांगा। प्रार्थिया द्वारा तीन हजार रुपए देने पर तू कौन होती है मना करने वाली कहकर डंडे से मारपीट कर गाली गलौज करने लगा। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### महुआ शराब जब्त, दो लोगों पर हुई कार्रवाई

**महासमुंद।** सरायपाली पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि बैदपाली रोड साप्ताहिक बाजार के पास आरोपी जगतराम यादव पिता जानकू यादव (65 साल) डुडुंमचुंवा थाना सरायपाली के कब्जे करीब 9 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 1800 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। वहीं दूसरे मामले में एनएच 53 मेन रोड बैतारी चौक में आरोपी रंजीत विश्वकर्मा पिता खिरोद विश्वकर्मा (25 साल) छिंदपाली के कब्जे से 4 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 800 रुपए को जब्त धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इसी तरह सांकरा पुलिस ने एक महिला के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने ग्राम बल्दीरडीह में राजकुमारी वैष्णनव पति टिकेश्वार वैष्णव (51 साल) ग्राम बल्दीडीह के कब्जे से 23 पैकेट हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 820 रुपए को जब्त धारा 34(1) क आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की।

### दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम डोकरपाली में दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। तेंदूकोना पुलिस को प्रार्थी कोमल ने बताया कि 4 जून की रात 10 बजे घर के गली में खड़े होकर अपने दोस्त दौलत साहू से फोन से बात कर आपस में गाली गलौज कर रहे थे, उसी समय उसके सामने रहने वाला हूलदास अपने लड़के कमलेश तथा हिमेश के साथ निकला और मेरे घर के सामने गाली क्यों दे रहे हो कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) के तहत जुर्म दर्ज किया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के हूलदास ने रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि रात 10 बजे गांव का कोमल ढीढी घर के बाहर शराब के नशे में धुत होकर गाली गलौज कर रहा था, जब उसे मना किया तो आरोपी कोमल ढीढी ने घर के अंदर घुसकर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देकर डंडे से मारपीट की। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 331(3), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### मध्यप्रदेश के दो आरोपियों से 36 लाख का गांजा जब्त

**महासमुंद।** जिले की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मध्यप्रदेश के दो आरोपियों के कब्जे से 36 लाख रुपए का 240 किलो गांजा और आईसर वाहन जब्त किया गया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि 5 जून को मुखबिर से सूचना मिला कि दो व्यक्ति एक लाल कलर का आईसर वाहन क्रमांक सीजी 04 पीई 9434 मे अवैध मनोत्तेजक मादक गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ की ओर आ रहे हैं। यह सूचना मिलने के बाद पुलिस ने ग्राम रेहटीखोल पहुंचकर नाकाबंदी की। इस दौरान पुलिस को देखकर आरोपी अपने वाहन को तेज गति से चलाने लगे, जिन्हें स्टाफ द्वारा पकड़ा गया।

---

**आयोजन :** राज्यपाल ने अपने गोद मड़वाडीह पहुंचकर ग्रामीणों से की चर्चा

# मड़वाडीह का होगा सर्वांगीण विकास : राज्यपाल डेका

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम/छुईहा बेलर

गुरूवार सुबह छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम रमेन डेका राजिम विधानसभा क्षेत्र के अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान अपने गोद ग्राम मड़वाडीह पहुंचे। यहां उन्होंने स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत आम का पौधा रोपण किया। साथ ही लोगों को जल संरक्षण एवं पर्यावरण के बचाव के लिए सभी लोगों से अभियान के तहत वृक्षारोपण करने की अपील की। उन्होंने कार्यक्रम में गांव के सरपंच, पंच एवं ग्रामीणों से आवश्यक चर्चा की। साथ ही बिजली ग्राम पंचायत को गोद लिए जाने के उद्देश्यों के बारे में जानकारी देते हुए गांव के विकास के लिए तैयार किए जाने वाले रोड मैप के बारे में बताया। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि ग्राम पंचायत बिजली के आश्रित गांव आश्रित गांव मड़वाडीह की जनसंख्या कम होने के कारण पूरा बिजली ग्राम पंचायत को गोद लिया गया है। इसमें अब बिजली पंचायत के अंतर्गत मड़वाडीह का भी सर्वांगीण विकास होगा। यह गवर्नर ग्राम होगा। ग्राम पंचायत में सेंट्रल और स्टेट की फ्लैगशिप प्रोग्राम का हर ग्रामीण तक पहुंच सुनिश्चित की जाएगी। इसका एक रोडमैप हमने बनाने के निर्देश दिए है। शुरूआत में तीन महीने का प्रोजेक्ट बनाकर इसकी प्रगति की समीक्षा करेंगे। गोद ग्राम पंचायत ▸▸ शेष पेज 12 पर

■ लोगों को शासन की फ्लैगशिप योजना से किया जाएगा लाभान्वित







### गांव के विकास में कोई कमी नहीं होगी : रोहित

इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू ने अपने विधानसभा क्षेत्र के बिजली पंचायत को गोद लेने पर कहा कि हम गौरवान्वित है कि हमारे क्षेत्र के गांव को राज्यपाल श्री डेका ने गोद लिया है इससे गांव का सर्वांगीण विकास होगा। विधायक श्री साहू ने कहा कि गांव गोद लेने का उद्देश्य पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा क्षेत्र के विकास करना है। सुशासन तिहार में यहां समाधान शिविर लगा था। सभी समस्याओं का निराकरण के लिए प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि राज्यपाल के मार्गदर्शन में गांव के विकास में कोई कमी नहीं होगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच के अनुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पेड़ लगाने की अपील की। कहा कि सभी लोग को एक पौधा जरूर लगाएं। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, राज्यपाल के सचिव सी आर प्रसन्ना, कलेक्टर बी एस उईके, एसपी निखिल राखेचा, डीएफओ लक्ष्मण सिंह, जिला पंचायत सीईओ जी आर मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत सहित जनपद अध्यक्ष इंद्राणी-नेहरू साहू, जिला पंचायत सदस्य नंदनी-ओंकार साहू, ब्लॉक सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू, नवापारा वरिष्ठ भाजपा नेता किशोर देवांगन, ग्राम पंचायत बिजली की सरपंच पदमा निषाद व अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

### ब्लड डोनेशन कैंप भी लगाए जाएंगे

उन्होंने कहा कि गांव के धार्मिक एवं प्राचीन चीजों के संरक्षण एवं बेहतर रखरखाव से बाहर के लोग भी देखने आएंगे। एक साल में ये ग्राम पंचायत टीबी मुक्त हो जाए उसके लिए भी काम किया जाएगा। यहां रेडक्रॉस के माध्यम से ब्लड डोनेशन कैंप भी लगाए जाएंगे। गांव में कानून नियम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। महिलाओं के समूह बनाकर सहकारी समिति बनाकर आजीविका मूलक गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। गांव को स्वच्छ रखने लोगों को प्रेरित करें। कचरे का सही निष्पादन करे। उन्होंने स्वच्छता के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने कहा। राज्यपाल ने कहा कि सभी घरों में एक कोने पढ़ने के लिए स्लोगन का उपयोग करे, जिससे बच्चों को घर में पढ़ने का जगह नियत होगा। उन्होंने बिजली पंचायत को आगे बढ़ाने ग्रामवासियों से संकल्प लेने का आग्रह किया।



---

# बाइक की आपस में भिड़ंत से दो युवकों की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुईहा बेलर

घटारानी से घूमकर लौट रहे तीन बाइक सवार युवक बुधवार को एक भीषण सड़क हादसे का शिकार हो गए। इस हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। यह घटना फिंगेश्वर थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, बुधवार दोपहर को तेज रफ्तार बाइक घटारानी से मुख्य मार्ग की ओर आते समय अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। बताया जा रहा है कि राजिम थाना क्षेत्र के ग्राम परसदा निवासी डोमेश साहू, ग्राम लफेंदी निवासी मिथिलेश साहू (17 वर्ष), और बेमचा निवासी नितेश साहू (16 वर्ष) एक ही बाइक



पर सवार होकर जतमई-घटारानी घूमने गए थे। लौटते समय बाइक चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और बाइक सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराई। तीनों युवक बिजली फिटिंग का काम करते हैं। राहगीरों ने 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

## मैनपुर-देवभोग हाईवे पर बस ट्रैक्टर की टक्कर में 6 घायल

**मैनपुर।** मैनपुर-देवभोग नेशनल हाईवे 130सी पर गुरुवार दोपहर एक यात्री बस और ट्रैक्टर के बीच ज़बरदस्त टक्कर हो गई। इस हादसे में ट्रैक्टर की ट्रॉली पलट गई और बस सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। हादसे में बस और ट्रैक्टर में सवार कुल 6 लोग घायल हो गए, जिन्हें मैनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, यात्री बस (क्रमांक सीजी 17 एफ 0916) जगदलपुर से मैनपुर की ओर यात्रियों को लेकर आ रही थी। बस के सामने एक ट्रैक्टर चल रहा था। ट्रैक्टर को ओवरटेक करने की कोशिश में बस ने ट्रैक्टर की ट्रॉली को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे ट्रैक्टर की ट्रॉली पलट गई। इसके बाद बस अनियंत्रित होकर नेशनल हाईवे के किनारे लगे एक पेड़ से टकरा गई। टक्कर के बाद बस का चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।



# युक्तियुक्तकरण पर विवाद, छुरा बीईओ पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद

जिले में 1 से 3 जून के बीच शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पूरी की गई। ओपन काउंसलिंग के माध्यम से विभिन्न संवर्गों के अतिशेष शिक्षकों को रिक्त पदों पर पदस्थ किया गया। लेकिन इस प्रक्रिया में छुरा विकासखंड से बड़ी लापरवाहियां और अनियमितताएं सामने आई हैं, जिसके चलते बीईओ (विकासखंड शिक्षा अधिकारी) छुरा के निलंबन के लिए शासन को अनुशंसा भेजी गई है। गुरुवार को जिला मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए गए। जनप्रतिनिधियों और शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि



छुरा ब्लॉक में कई मामलों में नियमों की मनमानी व्याख्या कर शिक्षकों को जानबूझकर युक्तियुक्तकरण से बाहर रखा गया।

माध्यमिक शाला सांकरा में एक शिक्षक को जानबूझकर अतिशेष घोषित नहीं किया गया, जबकि नियम के अनुसार वह पात्र था। जब मामला मीडिया और शिक्षक संघ तक पहुंचा, तब एकल आदेश जारी कर उसे अतिशेष दिखाया गया। हाई स्कूल सेमरा में कार्यरत ▸▸ शेष पेज 12 पर

# कोपरा में पौधारोपण की आड़ में अवैध कटाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोपरा

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जहां एक ओर कोपरा नगर पंचायत में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया, वहीं दूसरी ओर सरकारी नर्सरी में हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई और बिक्री ने जनप्रतिनिधियों की नीयत पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पर्यावरण बचाने की शपथ के बीच पेड़ों की बलि से पूरे क्षेत्र में विरोध और हैरानी का माहौल है।

मंगलवार को नगर पंचायत परिसर और गौठान क्षेत्र में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इस अवसर पर मौजूद जनप्रतिनिधियों ने अपनी माताओं के नाम से पौधे रोपकर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू, उपाध्यक्ष तारिणी सेन, मंडल अध्यक्ष गोपी ध्रुव समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

चंद्रशेखर साहू ने कहा की भविष्य की पीढ़ियों को सुरक्षित रखने के लिए आज पेड़ लगाना जरूरी है। ये पेड़ ही हमारे पर्यावरण को संतुलित रखते हैं। पौधारोपण की इस पहल के समानांतर कोपरा की सरकारी नर्सरी में पेड़ों की अवैध कटाई और बिक्री का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, वार्ड क्रमांक 15 के भाजपा पार्षद थानेश्वर साहू द्वारा नर्सरी में लगे कीमती शीशम के पेड़ों को काटकर ट्रैक्टर में भरकर बेच ▸▸ शेष पेज 12 पर

**विश्व पर्यावरण दिवस पर पेड़ों की बली!**



# बिजली का झटका, जिंदगी व मौत से जूझ रहा वेद प्रकाश सेंदर ने दिखाई मानवीयता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुईहा बेलर

बिजली का काम करते समय करंट लगने से गंभीर रूप से झुलसे वेद प्रकाश साहू (27 वर्ष), निवासी ग्राम सेंदर, रायपुर के काडला नर्सिंग होम के बर्न यूनिट में जिंदगी और मौत से संघर्ष कर रहे हैं। निर्धन परिवार से आने वाले वेद प्रकाश का प्रतिदिन 50 हजार से 1 लाख रुपए का महंगा इलाज उनके परिवार के लिए उठाना असंभव है। ऐसे मुश्किल वक्त में ग्राम सेंदर के लोगों ने अपने गांव के बेटे को बचाने के लिए अभूतपूर्व एकजुटता और मानवीयता का परिचय दिया है। स्थानीय निवासी रामाधार साहू, अश्वनी साहू, योगेश देवांगन, कमल ध्रुव, सरपंच गामिनी राकेश घृतलहरे, चिमन साहू, तुलसी वर्मा, जितेंद्र मतावले, रूपेश, मुकुंद, टेमन, होरी लाल, धनी सेन, शेखर, रिंकु, टोमू सहित पूरे गांव ने सामूहिक रूप से धन राशि जुटाने के लिए जागरूकता दिखाई। ग्राम सेंदर के हर घर से, यहां तक कि महिलाओं ने भी /"अपने गांव के भाई/बेटा को बचाना है/" कहकर उदारतापूर्वक सहयोग किया। देखते ▸▸ शेष पेज 12 पर





### मामले की जांच की जाएगी

थाना प्रभारी के अनुसार, मामले की गंभीरता को देखते हुए यह विद्युत विभाग और ठेकेदार शिव साहू की गंभीर लापरवाही का नतीजा हो सकता है। फिलहाल, मरीज और उनके सहयोगी के बयान के आधार पर मामले की जांच की जाएगी। विद्युत विभाग के अधिकारी श्री साहू ने इस मामले पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए पूरी जांच के बाद ही जानकारी देने की बात कही। इस हृदय विदारक घटना से प्रत्यक्षदर्शी एकदम सहम गए। घटना के समय हल्की बारिश भी हो रही थी। वर्तमान में, वेद प्रकाश का इलाज काडला अस्पताल, रायपुर में चल रहा है। दुर्भाग्य से, स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों को उनके दोनों पैर काटने पड़े हैं। संक्रमण बढ़ने और पैर के आगे के हिस्से भी काटने की बात आई थी, हालांकि फिलहाल आंशिक सुधार आया है। लेकिन प्रतिदिन लाखों के खर्च से पीड़ित परिवार सदमे में है। सेंदर वासियों ने अपने भाई/बेटा को बचाने के लिए मार्मिक अपील की है। दुखद बात यह है कि 5 जून को वेद प्रकाश का जन्मदिन है, जिसे वे अपने परिवार और दोस्तों के साथ मनाने की इच्छा रखते थे।

**रसेला समिति में सरना बीज 135 क्विंटल का भंडारण**

# अंचल के सोसायटियों में खाद, बीज का उठाव शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति रसेला पंजीयन क्रमांक 1769 सहित क्षेत्र के सभी सोसायटियों में खरीफ फसल के लिए किसानों को नगद राशि, खाद, बीज का उठाव प्रारंभ हो गया है। समितियों ने खाद बीज के साथ नगद राशि भी कृषकों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर दे रही है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कनसिघी, सिवनी, दुल्ला, चरौदा, कोसमी,पाटसिवनी, छूरा सहित सभी समितियों में बरसाती फसल के लिए मुख्य व उपकेन्द्रो में खाद बीज का वितरण जारी है। रसेला समिति के प्रभारी प्रबंधक पंकज कुमार यादव ने बताया कि इस सीजन में 1 अप्रैल से खाद बीज एवं नगद राशि बांटना शुरू कर दिया गया है। पिछले साल की अपेक्षा इस सीजन में किसानों में जागरूकता आई है। परेशानी से बचने के लिए किसान समय पर उठाव शुरू कर दिया है। अब तक 246 किसानों को 38 लाख 75 हजार का ऋण वितरण किया जा चुका है। वहीं कृषकों को 20 लाख 4 हजार का खाद और 2 लाख 85 हजार का बीज वितरण किया गया है।

**नए सदस्य बनाने की प्रक्रिया जारी-** मालूम हो कि रसेला समिति में सरना 135 क्विंटल , 1010 बीज 90 क्विंटल, एमटीयू 1165 बीज 15 क्विंटल, महामाया धान 30 क्विंटल का भंडारण किया जा चुका है। वहीं डीएपी, पोटाश, यूरिया, सुपर फास्फेट खाद का भंडारण किया गया था। अभी के स्थिति सोसायटी में 9 नट राखड खाद सिर्फ बचा है। बाकी खाद के लिए समिति द्वारा मांग किया गया है। सोसायटी में ▸▸ शेष पेज 12 पर

### किसानों को ऋण वितरण

प्रबंधक ने बताया कि केसीसी ऋण वितरण वर्ष 25 - 26 के लिए लिमिट निर्धारित किया गया है। जिसमें प्रति हेक्टेयर धान सिंचित नगद 36 हजार, सामग्री 24 हजार कुल 60 हजार। इस तरह धान असिंचित में नगद 27 हजार, सामाग्री 18 हजार, कुल 45 हजार रुपए, प्रति एकड़ में धान सिंचित नगद राशि 14400, सामाग्री 9600 रुपए कुल 24000 हजार रुपए, धान असिंचित में मिलेगा नगद राशि 10800 रुपए, सामाग्री 7200 रूपए, कुल 18000 रूपए प्रति एकड़ में मिलेगा। वनाधिकार पट्टा में प्रति एकड़ किसानों को धान सिंचित नगद राशि 13500 रूपए, सामाग्री पर 1200 रूपए, योग 25500 रूपए। इस तरह धान असिंचित में नगद राशि 13500 रुपए, सामाग्री में 9000 रूपए, कुल राशि 22500 रूपए प्रति हेक्टेयर पर किसानों को ऋण वितरण करने समिति द्वारा निर्धारित किया गया है।



## खबर संक्षेप



### शीतला मंदिर परिसर में रोपे पौधे

**मुड़ागांव(कोरासी)।** पावन ग्राम हरदी में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया है। ब्रम्हलीन संत सिया भुवनेश्वरी शरण जी महाराज के विशेष कृपा पात्र शिष्य चतुर्भुजी सिरकट्टी आश्रम के महामंडलेश्वर संत सिया गोवर्धन शरण जी महाराज के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा की अविरल गंगा प्रभावित हो रही है। जिसमें प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु पतित पावनी गंगा में गोता लगा रहे हैं। उमस भरी भीषण गर्मी के बावजूद श्रोताओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, श्री कृष्ण प्राकट्य उत्सव के कथा रसपान करने उमड़ी विशाल भीड को देखते हुए पंडाल को बढ़ाना पड़ा। सुबह की शुरुआत यज्ञ के साथ होती है। प्रतिदिन दोनों पहर कथा जारी है और दोनों ही समय भंडारा प्रसादी की भी व्यवस्था है। विश्व पर्यावरण दिवस एवं संत श्री के जन्मदाता स्व. सूबे सिंह साहू एवं स्व. शांति बाई साहू के पुण्यतिथि पर शीतला मंदिर प्रांगण में संत सिया गोवर्धन शरण महाराज, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी साहू, सरपंच गोमती संतु ध्रुव द्वारा औषधीय एवं फलदार कटहल, आंवला पौधों का रोपण किया गया। ग्राम के वरिष्ठ नागरिक लखन तिवारी, चेतन यादव, पूर्व सरपंच संतु ध्रुव, भारत लाल साहू, ग्राम पटेल संतराम कंवर, शिवदयाल कंवर, थानूराम तारक, संतोष तारक, कुलेश्वर सिन्हा, सामाजिक कार्यकर्ता पुनीत ठाकुर, पतंजलि योग समिति जिलाध्यक्ष योगविद अर्जुन धनंजय सिन्हा, हेमलाल पटेल एवं समस्त ग्रामवासी पौधारोपण में सहभागी बने। सूखी धरती करे पुकार वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार के नारों के साथ समस्त श्रद्धालुओं ने पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया।

### घोंसले में चिड़िया के नन्हे बच्चे



**मैनपुर।** मैनपुर नगर के खेती किनारे चिड़िया घोसले बनाकर उसमें अंडे देकर घोसले तैयार होने के बाद अब अंडो से चूजे निकल गए हैं। यह तस्वीर बेहद खुबसुरत नजर आ रहा है जिसे हमारे पाठक सोहन नागेश ने अपने कैमरे में कैद कर हमें प्रकाशित करने के लिए भेजा है।

### बाइक सवार से लूट

**रायपुर।** अभनपुर थाने में एक युवक ने एक अन्य युवक तथा उसके दो साथियों के खिलाफ कैश तीन हजार रुपए लूटने तथा मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। हेमलाल साहू ने हितेश ध्रुव तथा उसके दो अन्य साथियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

# राज्यपाल ने राजीव लोचन और कुलेश्वर महादेव की पूजा कर प्रदेश की समृद्धि की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राज्यपाल रमेन डेका दो दिवसीय राजिम प्रवास के दौरान गुरूवार को सुबह भगवान श्री राजीव लोचन एवं कुलेश्वर महादेव का विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली और सुख समृद्धि की मंगल कामना किया। इस दौरान महानदी तट पर स्थित लोमश ऋषि आश्रम का अवलोकन करते हुए परिसर का जायजा लिया। तत्पश्चात राज्यपाल श्री डेका ने नगर पंचायत राजिम कार्यालय परिसर में पहुंचकर एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान के तहत कदंब के पौधे का रोपण किया। साथ ही कार्यालय परिसर में मौजूद गणमान्य नागरिको से मुलाकात की। राज्यपाल श्री डेका ने नगर पंचायत में कार्यरत स्वच्छता दीदियों से मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम पूछा। साथ ही नगर को स्वच्छ रखने में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए उनकी प्रशंसा की। राज्यपाल को भगवान श्री राजीव लोचन की तस्वीर भेंट की गई। इस दौरान महामहिम के साथ राजिम विधायक रोहित साहू,राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, स्वर्णलता यादव, पार्षद टंकु सोनकर, तुषार कदम, सोमनाथ पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, राज्यपाल के सचिव सी आर प्रसन्ना, कलेक्टर बी एस उईके, एसपी निखिल राखेचा, डीएफओ लक्ष्मण सिंह, जिला पंचायत सीईओ जी आर मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत मौजूद रहे।

**नगर पंचायत राजिम परिसर में किया पौधारोपण**





**मांग : जिपं सदस्य संजय व लोकश्वरी दूसरे दिन भी भूख हड़ताल पर डटे रहे**

# पेयजल, सड़क, बिजली, स्वास्थ्य शिक्षा व पुल के लिए भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- अफसरों की समझाईस का भी नहीं पड़ रहा असर रात में भी मच्छरों के बीच पंडाल में गुजर रही रातें

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर एसडीएम कार्यालय के सामने नेशनल हाईवे 130 सी के बगल में चार जून सुबह 08 बजे से जिला पंचायत सदस्य एवं कांग्रेस के वरिष्ट नेता संजय नेताम तथा जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम भुख हड़ताल पर बैठ गए है जो गुरुवार को दूसरे दिन गुरूवार को भी जारी रहा इस दौरान स्थानीय एसडीएम, एसडीओपी पुलिस के अधिकारियों द्वारा भुख हड़ताल समाप्त करने दोनो जिला पंचायत सदस्यों को कई बार मनाया गया लेकिन इसका असर अभी तक नही पड़ा है और अपनी मांगो को लेकर लगातार भुख हड़ताल कर रहे है उनके भुख हड़ताल के समर्थन में दुरस्त वनांचल क्षेत्रे से बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरूश युवा पहुंचकर धरना प्रदर्शन भुख हड़ताल स्थल में समर्थन दे रहे है तथा उनका मनोबल बढ़ाने लगातार नारेबाजी भी किया जा रहा है ज्ञात हो कि मैनपुर क्षेत्र के ग्रामीणों को बुनियादी सुविधा सड़क पुल पुलिया, बिजली, स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा, डॉक्टर, अस्पताल उपलब्ध कराने की मांग को लेकर जिला पंचायत सदस्य द्वय द्वारा भुख हड़ताल किया जा रहा है। आज भुख हड़ताल में प्रमुख रूप से दिनेश कुमार, गगन नेगी, धनेश नेगी, दयाराम,बुधलाल, गुंजेश कपिल, विरेन्द्र राजपूत, कमलेश नागेश, थन्जूलता नेताम, आहत लाल, रतनी बाई,चम्पा मरकाम, जमुना नेगी, रामनाथ मरकाम, ग्वाल सिंह सोरी, विरेन्द्र ठाकुर, दयाराम नागेश, जानकी जगत, महेन्द्र नेताम,लघुवनोपज सहकारी समिति के जिला अध्यक्ष कल्याण सिंह कपिल, डगे"वर ओटी , रिजवान बेग, गज्जू नेगी, युवराज नेताम, गौकरण नागेश, आहमद बेग, परमे"वर, रामलाल नागेश, माधो लाल नेगी, जयलाल,भुमिलता जगत,सियाराम ठाकुर, सुरेश पाण्डेय, जितेन्द्र, प्रेमसाय जगत, छबीलाल दिवान, पदमलाल नेताम, लोकनाथ, नैनसिंह मरकाम, देवेन्द्र कुमार, सुमेर कपिल, रेवती यादव, नीलम कुमार, बिसाहू सिन्हा, बिलेश्वर सोरी, ठाकुर राम, हेमोबाई सहित सैकड़ो की संख्या में दुरस्त वनांचल से ग्रामीण पहुंचकर भुख हड़ताल का समर्थन कर रहे है।

**समर्थन में पहुंचे सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण**





**प्रमुख मांगे**

जिला पंचातय सदस्य संजय नेताम और लोके"वरी नेताम ने बताया कि हमारी मांगे एवं समस्याएं निम्नांकित 1. अमलीपदर सूखा नदी में पुल निर्माण किया जाए। 2. क्षेत्र के ग्राम जुगाड़, कोदोमाली, तौरेंगा, बुडगेलटप्पा, के गांव से गुजकर कर देवभोग क्षेत्र में विद्युतीकरण कर गांव गांव में विस्तार किया गया है. साथ ही राजपडाव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत भूतबेड़ा, कुचेंगा, कोकड़ी, गरहाडीह, गौरगांव के आश्रित ग्रामो एंव पाराटोला में विद्युतीकरण के लिए स्वीकृति मिल गई है, कई गांवो में बिजली खंभा चला गया है, गांवो में विस्तार भी हो गया है सिर्फ ट्रांसफार्मर लगाकर चालू बस करना है तत्काल इस सभी ग्राम पंचायतो में विद्युतीकरण किया जावें एंव ग्राम पंचायत अमाड़, जांगड़ा, साहेबिनकछार के आश्रित गांव पाराटोला में तत्काल विद्युतीकरण किया जावें। 3. प्रदेश सरकार द्वारा युक्तियुक्तकरण के तहत हजारों स्कूलों को बंद किया जा रहा है, हमारी मांग है कि गरियाबंद जिले के तीन वि.ख (छुरा, गरियाबंद, मैनपुर) जो कि पूर्ण रूप से अनुसूचित क्षेत्र के अंतर्गत आता है और यहा पर पेशा एक्ट लागू हैं, इन ब्लॉकों को युक्तियुक्तकरण से मुक्त रखा जाये साथ ही प्रदेश के सभी अनुसूचित क्षेत्रें को युक्तियुक्तकरण से मुक्त रखा जावें। 4. मैनपुर वि.ख के अंतर्गत सलफ जलाशय निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाए। 5. मैनपुर में स्वास्थ्य सेवायें पुरी तरह से ठप है, अस्पताल तो है डॉ नही है भवन नही है. स्टॉफ की व्यापक कमी से ग्रामीणजन जुझ रहे है, डॉक्टर एवं स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध किया जाए।

# सूखी धरती करे पुकार वृक्ष लगाकर करो श्रृंगार : शीतल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

पर्यावरण मित्र वरिष्ठ समाजसेवी शीतल ध्रुव एवं प्रतिष्ठित योगाचार्य मिथलेश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में जिला भारोत्तोलन संघ, पतंजलि युवा भारत, बैडमिंटन संघ एवं नगर के खिलाड़ियों द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया एवं गत वर्ष लगे पेड़ो का जन्मदिवस मनाया गया। जागरूकता रैली व्यायाम शाला बाजार चौक, बजरंग चौक, सदररोड, स्वर्ण जयंती चौक,शीतला बाजार, बस स्टेंड होते हुए शिशु मंदिर के सामने समापन हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पर्यावरण मित्र वरिष्ठ समाजसेवी शीतल ध्रुव ने आज पर्यावरण प्रदुषण के कारण मौसम में बदलाव, शारीरिक अनुकूलता में प्रभाव, जीव जन्तुओं में विलुप्तता , तापमान में वृद्धि आदि प्रभाव देखा जा रहे हैं इस हेतु हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए एवं ना सिर्फ लगाने चाहिए उनका संरक्षण एवं संवर्धन भी करना चाहिए तथा पूर्व से लगे हुए पेड़ो को नहीं काटना चाहिए उनका देखरेख करना चाहिए,आने वाला विश्व युद्ध पर्यावरण के लिए होगा तो अभी भी समय है हम सम्हल जाए तो पर्यावरण बच सकता है, और अपने हर मांगलिक कार्य में जन्मदिन, वैवाहिक या वर्षगांठ पर एक पौधा अवश्य लगाकर एवं उसका देखभाल करें। इस अवसर पर युवा भारत सोशल मीडिया राज्य प्रभारी योगाचार्य मिथलेश सिन्हा ने कहा कि पेड़ लगाने के साथ पूर्व में लगे पेड़ो का संरक्षण करें, प्लास्टिक का उपयोग प्लास्टिक पर्यावरण में विघटित नहीं होता, इसलिए यह हवा, जलमार्ग, कृषि भूमि, नदियों और महासागरों में जमा हो जाता है। जबकि महासागरों में प्लास्टिक के बारे में जागरूकता और चिंता बढ़ रही है, यह चिंता हाल ही में अन्य पारिस्थितिकी तंत्रों, भोजन और पानी की आपूर्ति और मानव स्वास्थ्य पर प्लास्टिक के प्रभाव तक फैल गई है। अब शोध से पता चलता है कि माइक्रोप्लास्टिक (पांच मिलीमीटर से कम लंबे प्लास्टिक के टुकड़े) और नैनोप्लास्टिक (1 मिमी से छोटे टुकड़े जो नैनोरेंज तक होते हैं) हर प्रणाली में घुस गए हैं। पानी के सभी स्त्रोत, भोजन के प्रकार, गर्भवती लोगों के प्लेसेंटा और मानव मल का कभी भी परीक्षण किया गया।

# पंचायत कोपरा के गौठान में किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम





नगर पंचायत कोपरा में भारतीय जनता पार्टी एवं नगर के गणमान्य नागरिकों द्वारा एनीकेट मार्ग पर गौठान में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू ,उपाध्यक्ष तारिणी सेन, पूर्व सरपंच डॉ डाली साहू, भारती साहू उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ साहू समाज, राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक मुन्नालाल देवदास ,दिलीप साहू ,जिला पंचायत के पूर्व सदस्य चंद्रशेखर साहू ,सोमप्रकाश साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष, चतुर साहू अध्यक्ष कृषक सहकारी समिति, नोगेश्वर साहू पूर्व अध्यक्ष, झाडूराम तारक ,सीएमओ श्यामलाल वर्मा ,ओंकार सिंह ठाकुर ,ठाकुर राम साहू ,केजुराम साहू ,कुलंजन साहू ,कृष्णासेन ,प्रणय साहू ,नोखेलाल साहू ,डॉ. घोघरे ,पार्षद शशिकला साहू ,कौशल साहू ,धनेश्वर साहू , संगीता यदु ,घनश्याम यादव ,सुरेखा गोयल ,दामिनी साहू ,प्रणय साहू ,विद्या साहू ,जेठूराम ध्रुव ,दीपिका देवदास बूथ अध्यक्ष, सीमा पटेल, नीरा तारक, पत्रकार किरण साहू ,बसंत पटेल,गोपी पटेल डॉ चंद्रा ,दिनेश साहू अध्यक्ष शाला विकास समिति कोपरा, फिरंगी पटेल ,मंडल अध्यक्ष गोपीराम ध्रुव ,हिमालय सोनी, ताराचंद सेन ,नोखेलाल साहू ,गिरधारी पटेल ,दशरथ यादव ,दीनबंधु यादव ,लक्ष्मीनारायण पटेल ,ग्वालराम तारक ,मनोज विश्वकर्मा ,मकसूदन साहू ,कोमल साहू सहित कोपरा बस्ती के गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# वातावरण को स्वच्छ व प्रदूषणमुक्त रखते हैं वृक्ष : पूरन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में विश्व पर्यावरण दिवस मनाते हुए एक पेड़ मां के नाम पर पौधारोपण किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आम,नींबू,सीताफल,आंवला,अमरुद,कटहल,गुलमोहर आदि पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस प्रतिवर्ष 5 जून को मनाया जाता है जिसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और पृथ्वी की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयास को बढ़ावा देना है। वृक्ष वातावरण को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त रखते है। पर्यावरण का अर्थ संपूर्ण प्राकृतिक परिवेश से है जिसमें हम रहते हैं। पर्यावरण हर किसी के जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि पर्यावरण से ही पृथ्वी पर जीवन संभव है। पर्यावरण में सभी मनुष्य,जीव,जंतु,प्राकृतिक पेड़–पौधे,मौसम,जलवायु सभी समाहित है। पर्यावरण न केवल जलवायु में संतुलन बनाए रखने का काम करता है बल्कि जीवन के लिए आवश्यक सभी चीजों को प्रदान करता है। पर्यावरण के घटक परस्पर एक दूसरे से साथ जुड़कर समग्र परिस्थितिकी की तंत्र का निर्माण करते हैं। उन्होंने कहा कि एक और जहाँ विज्ञान द्वारा तकनीकी और प्रौद्योगिकी को बढ़ावा मिला है और दुनिया में खूब विकास हुआ है वहीं दूसरी ओर पर्यावरण प्रदूषण को बढ़ाने के लिए भी जिम्मेदार हैं।आधुनिकीकरण, औद्योगिकरण और तकनीक के बढ़ते प्रयोग के कारण पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।मनुष्य अपने स्वार्थ के कारण पेड़ पौधे को काट रहा है और प्राकृतिक संसाधनों से खिलवाड़ कर रहा है जिससे पर्यावरण को बहुत नुकसान हो रहा है। इतना ही नहीं कुछ मानव निर्मित कारणों से वायुमंडल,जल मंडल आदि प्रभावित हो रहे हैं। पृथ्वी का तापमान बढ़ रहा है। ग्लोबल वार्मिंग की समस्या उत्पन्न हो रही है जो मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत खतरनाक है। पेड़ पौधे हमारे लिए जीवन रक्षक की तरह हैं। इसलिए वृक्ष के महत्व को समझते हुए हम सभी को अपने पर्यावरण को बचाने में सहयोग करते हुए पौधारोपण करना चाहिए।

इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू,व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू,नरेंद्र कुमार वर्मा, रेखा सोनी, संतोषी गिलहरे, नकुल राम साहू,रुद्रप्रताप साहू क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू,तोमन राम साहू,एवं भृत्य आकाश सूर्यवंशी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष...

### मड़वाडीह का होगा...

में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के समन्वय से जो भी अच्छा काम है वह क्रियान्वित किया जाएगा। सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के तहत जनप्रतिनिधिगण भी इससे जुड़ेंगे। गांव के सर्वांगीण विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण कार्यों की प्राथमिकता तय कर क्रियान्वित किया जाएगा। गांव में ओपन जिम लगाया जाएगा। जिसका गांव के ग्रामीण स्वास्थ्य को बेहतर रखने में उपयोग कर सकते है। गांव के विकास में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका आमजनों की होगी। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि आने वाले समय में यह गांव आदर्श ग्राम के रूप में विकसित होगा।

**पोषण आहार के लिए महिलाओं बच्चों को जागरूक करें-** राज्यपाल श्री डेका ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि गांव की मुख्य मूलभूत समस्याओं को प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा। उन्होंने जलस्तर को बनाए रखने जल स्त्रोत को संवर्धित करने की अपील की। राज्यपाल ने कहा कि पंचायत में 15वें वित्त की राशि का उपयोग गांव के विकास में उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान महत्वपूर्ण योजना है। इससे पेड़ और पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होती है। साथ ही पर्यावरण संरक्षित होता है। उन्होंने सबसे पेड़ लगाने की अपील की। वृक्षारोपण के लिए सबको प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि आपके द्वारा पेड़ लगाने से दूसरे लोग भी प्रेरित होंगे। जहां भी खाली जगह मिले पेड़ लगाना चाहिए। वर्षा जल का संरक्षण करें। स्कूल, आंगनबाड़ी में सभी जगह पेड़ लगाए। आपका पंचायत सबसे अच्छा होगा अगर आप अच्छा काम करेंगे। उन्होंने सरपंच पंच एवं जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर अपने गांव को अच्छा बनाने में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया। पीएम आवास, शौचालय की सुविधा का अवलोकन कर लोगों को उपयोग के लिए जागरूक करे। बच्चों को स्कूल जाने प्रेरित करे। पोषण आहार के लिए महिलाओं बच्चों को जागरूक करें। गांव के डबरी, नालों को पुनर्जीवित कर जल संरक्षण के लिए उपयोग करे। जरूरत अनुसार राजभवन से एम्बुलेंस भी प्रदान किया जाएगा। स्थानीय स्तर पर संचालित करने से लोगों को सुविधा होगी। गांव के लोगों के विकास के लिए स्वयं जागरूक होकर काम करना होगा। गांव में कैंसर जांच शिविर भी लगाया जाएगा। महिलाओं में स्तन कैंसर की जांच के लिए विशेष पहल कर विशेषज्ञ डॉक्टरों की मौजूदगी में शिविर लगाई जाएगी। साथ ही महिलाओं के ब्रेस्ट कैंसर के बारे में सर्वे करना चाहिए, फिजिकल वेरिफिकेशन करना है। जिसमें भी बीमारी के लक्षण दिखेंगे उनका इलाज एम्स और मेडिकल कॉलेज जैसे उच्च अस्पतालों में किया जाएगा।

### युक्तियुक्तकरण पर विवाद...

शिक्षिका एकता साहू को अनावश्यक रूप से अतिशेष घोषित कर पदस्थापित किया गया, जबकि उनकी गणना नियमों के अनुसार नहीं की गई थी। बाद में बीईओ द्वारा आदेश निरस्त किया गया। ऐसे ही अन्य कई मामलों में चहेते शिक्षकों को बचाने के लिए नियमों की मनमर्जी व्याख्या की गई।

**शिक्षकों की पूर्ति, मैनपुर और देवभोग को राहत-** विवादों के बीच युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया से जिले के दूरस्थ अंचलों को राहत भी मिली है। मैनपुर में पहले 6 शिक्षकविहीन और 69 एकल शिक्षकीय शालाएं थीं, जिनमें से अब केवल 13 एकल शिक्षकीय शालाएं शेष हैं। वहीं देवभोग ब्लॉक की सभी शिक्षकविहीन और एकल शिक्षकीय शालाएं अब पूरी तरह स्टाफयुक्त हो चुकी हैं। इसमें फिंगेश्वर ब्लॉक के अतिशेष शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कलेक्टर भगवान सिंह उइके, एडीएम अरविंद पांडे और जिला शिक्षा अधिकारी ए. के. सारस्वत के निर्देशन में यह प्रक्रिया संचालित की गई। जिला शिक्षा कार्यालय के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों के सहयोग से यह प्रक्रिया समय पर संपन्न हुई, परंतु छुरा बीईओ की लापरवाही ने पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

**जनता का मिला समर्थन, पर जवाबदेही तय करने की मांग-** दूरस्थ और ग्रामीण अंचलों में वर्षों से रिक्त पदों की पूर्ति होने से जनता, पालक व जनप्रतिनिधियों ने शासन का आभार जताया है। वहीं प्रेस वार्ता में उठे सवालों के बाद यह मांग जोर पकड़ रही है कि दोषियों पर त्वरित कार्यवाही कर जवाबदेही तय की जाए।

### कोपरा में पौधारोपण...

दिया गया। जब इस पर सवाल उठे, तो आंधी-तूफान और पेड़ों के सूखने का हवाला दिया गया।

**बिना प्रस्ताव की कार्रवाई, प्रशासन में विरोधाभास-** पत्रकारों द्वारा की गई पड़ताल में यह स्पष्ट हुआ कि नगर पंचायत की किसी भी बैठक में पेड़ों की कटाई या नीलामी का प्रस्ताव पारित नहीं हुआ है। सीएमओ श्यामलाल वर्मा ने साफ तौर पर कहा कि इस संबंध में कोई प्रस्ताव उनके पास नहीं है। वहीं, नगर पंचायत अध्यक्ष रूपनारायण साहू ने कटाई की पुष्टि तो की, लेकिन उसे सूखे पेड़ों की नीलामी की तैयारी बताया। उन्होंने यह भी स्वीकारा कि एक ट्रैक्टर लकड़ी मजदूरी भुगतान के लिए बेची गई है।

**पार्षद की सफाई, लेकिन सवाल बरकरार-** पार्षद थानेश्वर साहू ने भी अपनी सफाई में कहा कि मजदूरों की तत्काल मजदूरी देने के लिए लकड़ी बेचना पड़ा। लेकिन बिना प्रस्ताव, बिना अनुमति और बिना नीलामी प्रक्रिया के की गई यह कार्रवाई नगर पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा रही है। **सामाजिक वानिकी की सालों की मेहनत पर चोट-** गौरतलब है कि नगर पंचायत बनने से पहले सामाजिक वानिकी विभाग ने पैरी नदी के किनारे तट सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से बड़ी संख्या में पौधे रोपे थे। वर्षों की देखरेख के बाद ये पौधे अब बड़े और मजबूत पेड़ बन चुके हैं, लेकिन जनप्रतिनिधियों की मनमानी से यह मेहनत मिट्टी में मिलती नजर आ रही है। स्थानीय लोगों और जागरूक नागरिकों ने इस पूरे प्रकरण पर नाराजगी जताते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। विश्व पर्यावरण दिवस जैसे महत्वपूर्ण मौके पर यह दोहरा रवैया न केवल प्रशासन की कार्यशैली को उजागर करता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारियों पर भी सवाल खड़ा करता है।

### अंचल के सोसायटियों...

नया सदस्य बनाने काम जारी है। नए सदस्य बनने के लिए किसानों को 3 फोटो, ऋण पुस्तिका की कापी, 110 रुपए शुल्क जमा करने से सोसायटी की सदस्यता प्राप्त हो जाते हैं। उसके बाद क्रेडिट कार्ड बनने पर किसानों को खाद बीज व नगदी राशि दिया जाता है। किसानों में आई जागरुकता की वजह से ज्यादा से ज्यादा प्रमाणित और आधार बीजों का इस्तेमाल किया जा रहा है। जिसके कारण बीजों की मांग में वृद्धि हुई है। कृषि विभाग की ओर से किसानों की मांग अनुसार बीजों की आपूर्ति की जाती है। समिति की ओर से किसानों की आवश्यकता और मांग के अनुसार खाद बीज का भंडारण किया जाता है।

### बिजली का झटका...

ही देखते गांव से 47 हजार रुपये की राशि एकत्रित हो गई, जिसे तुरंत पीड़ित परिवार के मोहन साहू को इलाज के लिए सौंप दिया गया। पीड़ित परिजन, पिता प्रेम लाल साहू, माता भानबाई साहू (जो लकवाग्रस्त हैं), और भाई मोहन व हेमकुमार साहू ने ग्रामवासियों का हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया है।

**दर्दनाक घटनाक्रम-** यह हृदय विदारक घटना शनिवार सुबह लगभग 10 बजे, पुराना आरा मिल फिंगेश्वर के पास हुई। वेद प्रकाश साहू, जो बिजली विभाग में कार्यरत थे, ट्रांसफार्मर पर चढ़कर लाइन सुधार रहे थे। अचानक करंट सप्लाई होने से वे बुरी तरह झुलस गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने देखा कि उनके पैर ट्रांसफार्मर से चिपक गए और वे उल्टे लटक गए। मुख्य मार्ग से लगे इस ट्रांसफार्मर के पास देवार पारा मोहल्ला है, जहां घटना के समय हजारों की संख्या में लोग इकट्ठे हो गए।

घटना इतनी तेजी से घटी कि कोई कुछ कर नहीं पाया। उनके साथी ने किसी तरह विद्युत विभाग से लाइन अवरोध कराकर तेजी से ऊपर चढ़कर उन्हें कंधे पर उठाया और नीचे उतारा। उस समय तक वेद प्रकाश जीवित थे। पास से गुजर रही पुलिस की गाड़ी के जवानों, परमानंद साहू और सहयोगी ललित ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तुरंत अपनी गाड़ी में डालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें तुरंत रायपुर रेफर कर दिया गया। उनके दोनों पैर नीचे से बुरी तरह जल चुके थे और शरीर के अन्य हिस्सों पर भी जलने के निशान थे।

## खबर संक्षेप



### पाण्डुका थाना परिसर में पौधारोपण

**पाण्डुका।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वन परिक्षेत्र पाण्डुका के अंतर्गत पाण्डुका थाना परिसर पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। जिसमें जिला पंचायत वन सभापति शिवांगी चतुर्वेदी शामिल हुए तथा पर्यावरण संरक्षण करने सहयोग करने कि अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए सभी सामूहिक प्रयास आवश्यक है। आज हमें कम से कम एक पेड़ जरूरत लगाए तथा अपने द्वारा लगाए गए पौधे की देखभाल भी करें। पौधारोपण सबकी जिम्मेदारी है जिससे हम सभी को अधिक से अधिक पौधा लगाना चाहिए पर्यावरण स्वच्छ है तभी जीवन स्वस्थ हैं। धरा को हरा भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेने की जरूरत है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डीएफओ गरियाबंद लक्ष्मण सिंह, वन परिक्षेत्र अधिकारी संतोष चौहान, उप निरीक्षक थाना पाण्डुका जय प्रकाश नेताम, गणेश राम साहू, ओमकार साहू, स्निग्धा शर्मा सहित समस्त स्टाप उपस्थित थे।

### टिकरापारा स्कूल में किया पौधा रोपण



**मुड़ागांव(कोरासी)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम पंचायत रानीपरतेवा के तत्वाधान में प्राथमिक शाला टिकरा पारा प्रांगण में पौधा रोपण किया गया और उसके संरक्षण के लिए शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में पंकज निर्मलकर जनपद सदस्य, सरपंच हेमलाल नेताम, उपसरपंच, एवं पंच गण तथा ग्राम सभा के अध्यक्ष सोमन यदू एवं सचिव भगवानी ध्रुव सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### ग्राम परसदाखुर्द के तालाब किनारे लगाए नीम के पौधे



**पाटसिवनी (पिपरहट्ठा)।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर गुरूवार को मूर्तिकार मोहन लाल नेताम ग्राम परसदाखुर्द के द्वारा तलाब के किनारे नीम व फलदार पौंधो का रोपण किया गया। व संकल्प लिया गया कि रोपण किए गए पौधों का विशेष ध्यान रखा जावेगा। व नियत समय पर खाद-पानी देते हुए उनके संरक्षण किया जाएगा।

### चरौदा में किया गया पौधारोपण

**बागबाहरा।** अंतराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के तहत विश्व पर्यावरण दिवस पर जिले के सभी पैक्स द्वारा एक पेड़ मां के नाम के तहत लगभग 130 समिति के अंतर्गत 500 पौधों का रोपण किया गया। इसके तहतग्रामीण सेवा सहकारी ग्रामीण सेवा सहकारी समिति चरौदा में पीएल सिन्हा शाखा प्रबंधक बागबाहरा ने फलदार वृक्ष आम के पौधे रोपे। वही संस्था प्रबंधक जय प्रकाश साहू ने अमरुद के पौधेरोपण कर संरक्षण का संकल्प लिया। बता दे कि शासन कि मंशानुरूप गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के उपायुक्त सहकारी संस्थाए महासमुंद द्वारकानाथ क्रांत ने सहकारी समितियों के खाली जगहों पर छायादार अथवा फलदार पौधे रोपने के निर्देश जिले के सहकारी बैंकों के शाखा प्रबंधकों को दिए थे। इस दौरान उन्होंने स्वयं भी तुमगांव स्थित सेवा सहकारी समिति पहुंचकर पौधारोपण का कार्य किया।

---

**दिवस : राजिम विधायक ने अस्पताल का औचक निरीक्षण किया**

# विश्व पर्यावरण दिवस पर अस्पताल परिसर में विधायक रोहित ने सागौन के पौधे रोपे







हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

राजिम विधायक रोहित साहू द्वारा सामुदायिक स्वास्वाथ केन्द्र फिंगेश्वर एवं प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र जामगांव का औचक निरीक्षण किया गया। मरीजों से पूछा कि दवा पानी के मिल रही है कि नहीं। साथ ही साथ डाक्टरों का व्यवहार कैसा है? मरीजों ने बताया बेहतर। अस्पताल परिसर मे सागौन के पौधे रोपे। वहीं पर शिशुमति वार्ड में गर्भवती महिलाओं को उनके बच्चे के नाम से 500 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी।

- गर्भवती माताओं को उनके बच्चे के नाम से 500 रुपए की प्रोत्साहन राशि दी

5 जून को पर्यावरण दिवस पर दोपहर में राजिम विधायक रोहित साहू ने सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र पहुंचकर अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वे सोनोग्राफी रूम गये। वहां पर रखी सोनोग्राफी मशीन के काम को लेकर बीएमओ हिरौंदिया से पूछताछ की। विधायक ने पूछा कि मरीजों को सोनोग्राफी का लाभ मिल रहा है कि नहीं? कोई सोनोग्राफी के नाम से पैसा ले रहे है क्या? बीएमओ ने कहा कि सोनोग्राफी का लाभ मिल रहा है। गर्भवती माताओं की जांच एवं चिकित्सा का कार्य सही सही हो रहा है जिसके लिए किसी भी मरीज से कोई राशि नहीं ली जा रही है। उन्होने अस्पताल के हाजिरी रजिस्टर का अवलोकन कर आवश्यक निर्देश दिये। उसके बाद वे ओटी कक्ष जाकर निरीक्षण किया। बीएमओ हिरौंदिया ने बताया कि ओटी का शुभांरभ 14 जून से प्रारंभ होगा जहां पर जरुरतमंद गर्भवती माताओं का आप्रेशन के द्वारा डिलवरी कराई जाएगी। वहीं पर नसबंदी आपे्रशन भी संपन्न होंगे। उसके पश्चात नीचे मंजिल के कमरे बने शिशुमति माताओं के बच्चों का उनका हाल चाल जाना।पूछा कि यहां इलाज ठीक से हो रहा है कि नहीं।आप लोगो भोजन मिल रहा है कि नहीं? इस पर मरीजों ने हां मे जवाब दिया।डिलवरी हुए सभी माताओं को उनके बच्चो के लिए उपहार स्वरूप 500 के नोट प्रदान किए।

इसके पश्चात विधायक रोहित साहू ने विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर अस्पताल के पुराने भवन परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सागौन के पौधो का रोपण किया। उन्होंने कहा कि इनकी सुरक्षा के जवाबदारी आप लोगों की है। उन्होंने 9 जून को अपने जन्मदिवस पर अस्पताल परिसर मे पांच पौधे एक पेड़ मां के नाम से लगाने का बीएमओ को आग्रह किया। जहां पर वे सभी अस्पताल परिसर मे लगाने का आश्वासन दिया। इसके बाद वे जामगांव प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र पहुंचे जहां पर निरीक्षण किया।अस्पताल की स्वच्छता एवं मरीजों को किसी प्रकार से असुविधा नहीं होने की बातें कहीं। वही पर उनके द्वारा पौधारोपण किया गया।

इस अवसर पर उनके साथ जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी साहू, नेहरू साहू, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव, प्योरलाल सोनकर, जगदीश यादव, राजू साहू, मनीश हरित, दीपक साहू, किशोर साहू आदि भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे। वहीं पर स्वास्थ विभाग बीएमओ डॉ. वीके हिरौंदिया, गायनोलाजिस्ट डॉ. सोमी चंद्रकार, प्रभारी डाक्टर अंकिता अग्रवाल, बीपीएम सौरभ बिरमानी, बीपीओ योगेश पराना, सुपरवाइजर आशा पोद्दार,स्टाप नर्स सहित विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर खेल मैदान में किया गया पौधारोपण



**छुरा।** क्रिकेट क्लब दुल्ला तत्वावधान में विश्व पर्यावरण दिवस के पावन अवसर पर पौधारोपण किया गया। ग्राम दुल्ला के खेल मैदान में क्रिकेट क्लब द्वारा मैदान के चारो ओर पेड़-पौधे लगाया गया हैं और उसकी उचित देख-रेख भी कर रहे हैं क्रिकेट क्लब के वरिष्ठ सदस्य रोहित कंवर ने बताया कि हम पिछले 2-3 वर्ष से पेड़-पौधे लगा रहे हैं लेकिन पेड़-पौधे में ट्री गार्ड नहीं होने के कारण उन्हें मवेशियों द्वारा नष्ट कर दिया जाता हैं जिससे वो बढ़ नहीं पा रहे हैं। इसलिए क्रिकेट क्लब के सभी सदस्य मिलकर ग्राम पंचायत से ट्री गार्ड की मांग किए हैं और सरपंच व उपसरपंच द्वारा ट्री गार्ड देने का आश्वासन दिए हैं साथ ही आज विश्व पर्यावरण दिवस पर जामुन के पेड़ का वृक्षारोपण किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत दुल्ला सरपंच शशिप्रभा ठाकुर उपसरपंच डॉ. सुरेश शर्मा, भारत स्वाभिमान न्यास पतंजलि जिला अध्यक्ष संत राम कंवर, पतंजलि योगाचार्य गणेश आजाद, भारत चंद्राकर क्रिकेट क्लब के सदस्य संदीप चंद्राकर शिक्षक, रुचिर चंद्राकर, हर्ष चंद्राकर, धन्नू ठाकुर शिक्षक, रोहित कंवर तन्मय, मोक्छु उपस्थित रहे।

---



### धनेन्द्र साहू ने किया पौधारोपण

**नवापारा-राजिम।** पीसीसी के पूर्व अध्यक्ष और मंत्री धनेन्द्र साहू ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुक्तिधाम वाटर रिसाइक्लिंग प्लांट में पौधारोपण किया। इस अवसर पर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंह,नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष संध्या राव,स्वर्णजीत कौर,जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू,राजा चावला,राकेश सोनकर ,शाहिद रजा ,पार्षद अजय ,अर्जुन ,हेमंत साहनी,टिकेश,रामरतन निषाद, दीपाली राजपूत, फागू,अहमद, मानसिंह,सलीम वारसी,अनूप खरे, गोल्डी पारख ,सौरभ सोनी, वार्ड वाले अंजू निर्मलकर, अनसुईया साहू, सीता,कविता ,रूपा मौजूद थीं।

## पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को ग्राम रानीपरतेवा के शासकीय आयुर्वेद औषधालय में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत एक प्रेरणादायक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को व्यक्तिगत भावनाओं से जोड़ते हुए, मातृभक्ति और प्रकृति प्रेम की भावना को जन-जन तक पहुंचाना था। इस अवसर पर सरपंच श्री हेमलाल नेताम, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऐश्वर्य साहू, फार्मासिस्ट श्री श्यामाचरण दीवान और श्री धनेश ध्रुव, ग्राम पटेल श्री साधुराम निषाद और श्री भगतराम, ग्राम की सभी मितानिन बहनों सहित अनेक स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान शिरीष, लौंग, इलायची, आंवला जैसे औषधीय और पर्यावरणीय दृष्टि से उपयोगी पौधों का रोपण किया गया। इन पौधों का चयन विशेष रूप से उनके चिकित्सकीय गुणों और स्थानीय जलवायु के अनुकूलता को ध्यान में रखकर किया गया था।

सरपंच हेमलाल नेताम ने अपने संबोधन में कहा, आज का दिन हमारे लिए केवल पौधे लगाने का नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को एक हरित और स्वस्थ वातावरण सौंपने का संकल्प है। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के माध्यम से हम न केवल पर्यावरण की रक्षा कर रहे हैं, बल्कि अपने माता-पिता के प्रति श्रद्धा को प्रकृति से जोड़ रहे हैं। इस प्रकार के आयोजन गांव में नई चेतना लाते हैं और समाज को जिम्मेदारी का अहसास कराते हैं। डॉ. ऐश्वर्य साहू ने भी अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा, प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति के केंद्र में पेड़-पौधों का विशेष स्थान है। आज लगाए गए पौधे आने वाले समय में औषधीय रूप से लाभदायक सिद्ध होंगे और साथ ही पर्यावरणीय संतुलन को भी बनाए रखेंगे। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने पौधों की देखरेख का संकल्प लिया और इस कार्यक्रम को एक सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार किया।

## शासकीय कन्याशाला में 4 साल के बालक विवान ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शासकीय कन्याशाला परिसर में पौधारोपण किया गया। उक्त अवसर पर विशेष रूप से हरिभूमि के ब्यूरो चीफ श्यामकिशोर शर्मा, समाजसेवी योगिता सिन्हा, प्राचार्य सरिता नासरे, व्याख्याता देवेंद्र देवांगन ,आईसेक्ट के संचालक बलराम देवांगन एवं मासूम बालक विवान शर्मा ने पौधारोपण किया। पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्कूल प्रांगण में गुलमोहर के पौधे रोपकर सुरक्षा के लिहाज से बैरीकेड्स लगाए गए। 4 वर्ष का बालक विवान शर्मा ने अपनी शैक्षणिक जीवन की शुरूआत पेड़ लगाकर किया। उन्होंने संकल्प लिया है कि प्रत्येक वर्ष अगली कक्षा में जाने पर एक पेड़ अवश्य लगाएगा। छात्र विवान शर्मा का पर्यावरण प्रेम लोगो के लिए प्रेरणा है। वरिष्ठ पत्रकार श्यामकिशोर शर्मा ने कहा कि प्रकृति की संरक्षण के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। जिससे हवा, पानी एवं जलवायु शुद्ध रहे। बच्चों एवं युवाओं को वृक्षारोपण के मुहिम से जोड़ा जाना चाहिए। पेड़ पौधे, नदी, पहाड़, झरने प्रकृति की अनुपम उपहार है। इसे सहेजकर रखने की आवश्यकता है। समाजसेवी योगिता सिन्हा ने पौधारोपण को एक पुण्य कार्य बताया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक संपदा हमे निःशुल्क प्राप्त हो रही है। शुद्ध हवा, पानी, पेड़ पौधे, पहाड़, नदी एवं झरने सभी प्रकृति की देन है। जिसे संरक्षित रखना हमारी नैतिक जवाबदारी है। विकास के नाम पर प्रकृति से छेड़छाड़ से प्राकृतिक आपदा की संख्या में वृद्धि हुई है। अब सबक लेकर ज्यादा से ज्यादा संख्या में पेड़ लगाने चाहिए। कन्या शाला की प्राचार्य सरिता नासरे ने स्कूल के बच्चों को अधिक से अधिक संख्या में वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित करने की बात कही। पौधारोपण के अवसर पर शिक्षक यू आर तारक, टी एस ध्रुव, आर के ध्रुव, विजय यादव, शुभ यादव, मधु देवांगन, मनीष शर्मा,तोरण निषाद, हेमंत कोसरिया का सहयोग रहा।

- पेड़ पौधे, नदी,पहाड़, झरने प्रकृति का अनुपम उपहार, इसे सहेजकर रखे : शर्मा
- प्राकृतिक संपदा संरक्षित रखना हमारी जवाबदारी : योगिता





## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अपने आसपास लगाएं पौधा : कलेक्टर

**गरियाबंद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून से राज्य में एक पेड़ मां के नाम 2.0 महाभियान की शुरुआत हो गई ह। इसके अंतर्गत गरियाबंद जिले में भी विविध कार्यक्रम आयोजित कर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किए जाएंगे। इसी तारतम्य में कलेक्टर बीएस उईके ने जिलेवासियों से इस महाभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, शासकीय सेवकों, प्रेस एवं मीडिया के प्रतिनिधियों एवं आमजनों से एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अपने आसपास पौधा लगाने की अपील की है। कलेक्टर ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि नागरिकगण स्कूल, कॉलेज, आंगनबाड़ी, निजी संस्थानों सहित अपने घरों में वृक्षारोपण करें। साथ ही उनके संरक्षण एवं देखभाल में भी सहयोग प्रदान करें। उन्होंने विभागों द्वारा लगाए गए पौधों का आवश्यक जियो टैग भी करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए है। कलेक्टर श्री उइके ने पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ वातावरण के लिए पौधे लगाकर उनका देखभाल अपने बच्चों की तरह करने कि अपील की है। उन्होंने कहा है कि प्रकृति से ही देश की प्रगति जुड़ी हुई है, ऐसे में एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हमारा यह दायित्व बनता है कि हम भी पर्यावरण के संरक्षण, संवर्धन एवं सुरक्षा में अपना योगदान दें। पूरे देश में हर व्यक्ति अपनी माँ और धरती माँ दोनों के नाम से पौधा लगाकर उन्हें प्रणाम कर रहा है। पर्यावरण स्वच्छ रह सके और बीमारियों से बचाव हो सके इसके लिए पर्यावरण को स्वच्छ रखना होगा। पर्यावरण को बचाने के लिए हर नागरिक को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए, ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आने वाले पीढ़ियों को एक बेहतर एवं स्वच्छ वातावरण प्रदान करने के लिए इस मुहिम से जरूर जुड़ें।



---

**विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम पंचायत जरगांव में किया गया पौधारोपण**

# पर्यावरण को बचाने के लिए पेड़ लगाएं और देखभाल करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम पंचायत जरगांव में पौधारोपण किया गया। रूपऊराम ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत जरगांव ने बताया कि पर्यावरण हमारे लिए कितना महत्वपूर्ण है, हमें इसकी सुरक्षा करना चाहिए। साथ-साथ जितने भी वहां उपस्थित लोगों को पौधारोपण करने के लिए उनके द्वारा प्रेरित किया गया। उपसरपंच टिकेंद्र कुमार साहू द्वारा सभी पंचगणों के साथ मिल कर पौधारोपण किया गया। साथ ही नरेन्द्र कुमार साहू ने बताया की आज के दिन, हम पर्यावरण के महत्व को समझने और उसकी रक्षा करने का संकल्प लेते हैं। हम सभी मिलकर पर्यावरण को बचाने के लिए कुछ छोटे-छोटे कदम उठाएं, पेड़ लगाएं और उसकी देखभाल करें। जल संचयन करें और पानी का सही तरीके से उपयोग करें। प्लास्टिक का उपयोग कम करें और रिसाइकिल करें। ऊर्जा की बचत करें और अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों का उपयोग करें। पर्यावरण के प्रति जागरुकता फैलाएं और दूसरों को भी प्रेरित करें। हम सभी मिलकर पर्यावरण को बचाने के लिए काम करें और एक स्वच्छ और हरित भविष्य की दिशा में कदम बढ़ाएं। इस मौके पर सचिव धनेश साहू, ग्राम पंचायत जरगांव के समस्त वार्ड पंचगण हीरासिंग ध्रुव वार्ड नं.01,सोनिका टाण्डे वार्ड नं. 02, निर्मला ध्रुव वार्ड नं.03, पायल बाई वार्ड नं.04, मीरा ध्रुव वार्ड नं.05, फुलकुंवर कमार वार्ड नं.06, घासीन बाई वार्ड नं. 07,भरत विश्वकर्मा वार्ड नं.08, हरीराम साहू वार्ड नं.09, दौलत राम ध्रुव वार्ड नं. 10,परमिला बाई कमार वार्ड नं. 11, सीताबाई ध्रुव वार्ड नं. 13, छन्नु ठाकुर वार्ड नं. 14 इन सभी का विशेष सहयोग रहा।





### फलदार, छायादार पौधों का किया गया रोपण

**छुरा।** गुरुवार को नगर पंचायत द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वार्ड क्रमांक 09 गुरुघासी दास वार्ड रसेला रोड पर रैली निकाली गई एवं फलदार, छायादार, का रोपण किया गया। स्वच्छ भारत हरित भारत अभियान के तहत नागरिकों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष समीम खान, थानसिंह निषाद जिला महामंत्र भाजायूमो, सभापति बलराज पटेल, पार्षद हरीश यादव, रामजी दीवान, शांतनु देवांगन, यामीन, पंचराम टंडन, निखिल साहू, झामन यादव पटवारी, समाजसेवी शीतल ध्रुव, सहायक राजस्व निरीक्षक रामाधार यादव, कैशियर वीरेंद्र ठाकुर, लेखापाल जितेंद्र पाटकर, धनेश्वर नाग, मिथलेश सिन्हा, मनोज दुबे, कमलेश सिन्हा, दीपक साहू, शोएब अली, परमेश्वर सिन्हा, मेघराज यादव, नारायण पटेल, गुलजार, अजय चंद्राकर, कुश साहू एवं नगर के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### जिड़ार में नाली निर्माण से ग्रामीणों को मिलेगी राहत

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर से 05 किलो मीटर दूर ग्राम पंचायत जिड़ार में ग्रामीणों के द्वारा लम्बे समय से पक्की नाली निर्माण की मांग किया जा रहा था अब नाली निर्माण कार्य स्वीकृत होने के बाद तेज गति से नाली निर्माण किया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया की नाली निर्माण से इसका लाभ ग्रामीणों को मिलेगा। ग्रामीणों ने लंबे समय से नाली निर्माण की मांग किया था जो अब जाकर पूरा हुआ है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर दिव्यांग बच्चों को मिला आत्मनिर्भरता का उपहार

**महासमुंद।** विश्व पर्यावरण दिवस पर विकासखंड स्त्रोत केंद्र में पौधारोपण कार्यक्रम के उपरांत विकासखंड के दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा से प्राप्त दिव्यांग बच्चों के लिए सामग्री ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, एयर फोन, एमआरपी किट, फाइन मोटर किट, वॉकर, ओको फ्रेशनर थेरेपी किट, पजल्स, बैसाखी का वितरण किया गया, जिससे वे दैनिक दिनचर्या में चलने फिरने पढ़ने लिखने में आत्मनिर्भर और सशक्त बन सकें। इस अवसर पर समग्र शिक्षा जिला महासमुंद के एपीसी डीएन जांगड़े, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, बीआरपी अनीता निर्मलकर तथा स्पेशल एजुकेटर तुलसी साहू की उपस्थिति रही। उन्होंने अपने कर कमलों से सन्नी कक्षा दूसरी प्राथमिक शाला बेलसोंडा, चंदन कुमार कक्षा दूसरी प्राथमिक शाला बेमचा, हेमकला कक्षा दूसरी प्राथमिक शाला मालीडीह, श्रेयांस कक्षा दूसरी प्राथमिक शाला छिलपावन, शशांक कक्षा सातवीं उच्च प्राथमिक शाला पीढ़ी एवं अन्य बच्चों को उपकरण वितरित किए और उन्हें उनके उपयोगिता की बारीक जानकारी भी दी।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएन जांगड़े ने कहा कि समावेशी शिक्षा का उद्देश्य यही है कि हर बच्चा, चाहे वह किसी भी शारीरिक चुनौती से क्यों न जूझ रहा हो, मुख्यधारा की शिक्षा से जुड़ा रहे।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर रोपे गए पौधे

**महासमुंद।** 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रबंध कार्यालय के अधिकार मित्र हरिचंद साहू द्वारा नवनिर्मित वैकल्पिक विवाद समाधान केंद्र एडीआर भवन परिसर में पीपल का पौधा लगाए गए तथा उसकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था की गई। आज के दिन विश्व पर्यावरण दिवस मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण को बढ़ावा देना और प्लास्टिक प्रदूषण को कम करना है।

**समस्या : राहगीरों को अपनी जान जोखिम में डालकर आना-जाना करना पड़ रहा**

# बोईरगांव से लेकर ठेमली पथर्री तक सड़क में जगह-जगह गड्ढे, लोग हो रहे दुर्घटना के शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र मे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत चल रहे निर्माण कार्यों में गुणवत्ता को लेकर हमेशा से सवाल उठती रही है। कई सड़क करोड़ों रूपये खर्च करने के बावजूद घटिया निर्माण के चलते समय से पहले जगह -जगह से उखड़कर जर्जर हो चुका है। इस ओर न तो निर्माण एजेंसी ध्यान दे रही है और न ही संबंधित विभाग के अफसर स्थानीय ग्रामीण लगातार सड़क मरम्मत की मांग को लेकर जिले के आला अफसर से लेकर विधायक मंत्री तक आवेदन निवेदन कर थक चुके हैं लेकिन ग्रामीणों के समस्याओं को गंभीरता से नहीं सुनने के कारण इन जर्जर हो चुके सड़को में राहगीरों को अपना जान जोखिम में डालकर आना- जाना करना पड़ रहा है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 07 किमी दूर नेशनल हाईवे 130 सी ग्राम बोईरगांव से लेकर ठेमली पथर्री 08 किमी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत महज चार वर्ष पहले सड़क मरम्मत कार्य किया गया था सड़क मरम्मत कार्य में लाखों रूपये खर्च किए गए थे लेकिन यह सड़क महज 01 वर्ष के भीतर जगह जगह से उखड़कर जर्जर हो गया है सड़क में बड़े- बड़े गड्ढे हो गए हैं सबसे ज्यादा परेशानी सड़क उखड़कर नुकीले गिटटी में परिवर्तित हो गया है। सड़क के ऊपर चारों तरफ नुकीले गिट्टी दिखाई दे रही है धोखे से दोपहिया वाहन के चक्के इसके ऊपर चलते ही या तो वाहन चालक फिसलकर गिरकर घायल हो रहे हैं या तो वाहन के चक्के पंचर हो रहे हैं। ग्रामीण बेहद परेशान हैं।

■ समय से पहले उखड़ी सड़क नही हुआ मरम्मत





**गुणवत्ताहिन निर्माण कार्य के चलते उखड़ी गिट्टियां**

जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव ने बताया की भारी संघर्ष के बाद बोईरगांव से लेकर ठेमली पर्थरी तक प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत सड़क का निर्माण किया गया था इसके लिए क्षेत्र की जनता लंब संघर्ष और लड़ाई लड़े थे कई बार धरना प्रदर्शन आन्दोलन किए थे और तो और पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह अचानक बोईरगांव में पहुंचे थे तब उन्हे इस समस्या से अवगत कराया गया था तो मुख्यमंत्री के निर्देश पर एक सप्ताह के भीतर मरम्मत कार्य किया गया था घटिया स्तर के सड़क निर्माण के कारण जगह-जगह सड़क उखड़ गई है गिट्टी निकल गए है जिसमें मोटर सायकल, सायकल के टायर लगते ही पंच्चर हो रहे है। कई बार इस मामले की शिकायत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग से किया जा चूका है लेकिन अब तक कोई ध्यान नहीं दिया गया अगर ऐसी ही स्थिति रही तो ग्रामीण आन्दोलन करने बाध्य होगें। जिसकी सारी जवाबदारी संबंधित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग एवं प्रशासन की होगी।

**मरम्मत की मांग**

जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव, देवी सिंह कमलेश, सरपंच निराबाई साण्डे, पूर्व सरपंच सहदेव साण्डे, लाल सिंह, संतोष कुमार यादव, बहुर सिंह, दुकालुराम मिलेश कुमार, जीवन ध्रुव, धनेश ध्रुव व ग्रामीणों ने बताया कि सड़क मरम्मत की मांग कर थक चुके हैं लेकिन इस ओर अब तक ध्यान नहीं दिया गया जिसके कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने सड़क मरम्मत की मांग की है।

## राज्यपाल रमेन डेका का देवांगन ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका 4 और 5 जून को राजिम प्रवास पर रहे। इस दौरान युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने राज्यपाल से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें बुके भेंटकर प्रयागराज राजिम की पावन धरा में आगमन पर स्वागत किया। साथ ही राज्यपाल से व्यक्तिगत चर्चा करते हुए जलवायु परिवर्तन और जल संरक्षण व अभनपुर विधानसभा से जुड़े हुए विभिन्न विषयों पर चर्चा की । देवांगन ने बताया कि छत्तीसगढ़ को विकसित छत्तीसगढ़ के साथ-साथ हरित छत्तीसगढ़ बनाने और जल संरक्षण की दिशा में कार्य किए जाने की आवश्यकता है। उक्त दोनों ही कार्यों को जनांदोलन बनाने के लिए राज्य सरकार को व्यापक कार्ययोजना बनाकर उसे क्रियान्वित करना होगा। देवांगन ने आगे बताया की वर्तमान में जलवायु परिवर्तन पूरी दुनिया के सामने एक गंभीर चुनौती बनकर उभरा है, जिससे निपटने के लिए दुनिया के सभी देश ऐड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। भारत देश भी उनमें से एक है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बड़ी गंभीरता से इस दिशा में काम कर रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार इस महाभियान में केंद्र सरकार के साथ कदम मिलाकर चल रही है। इस पुनीत कार्य में राज्यपाल महोदय का छत्तीसगढ़ सरकार को मार्गदर्शन मिलने से कार्य और तेज गति व बेहतर तरीके से होगा । देवांगन की बातों को राज्यपाल ने ध्यानपूर्वक सुना और उनके विचारों की सराहना की। बता दें देवांगन समय-समय राजभवन जाकर राज्यपाल से मिलते रहते हैं और उनका आशीर्वाद लेने के साथ-साथ उनसे समसामयिक विषयों पर चर्चा भी करते हैं।



## सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम स्कूल में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



नगर में स्थित सेंट जॉन्स इंग्लिश मीडियम सीबीएसई स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। बता दे कि संस्था में हर वर्ष विभिन्न प्रकार के वृक्ष लगाया जाता रहा है। संस्था के प्राचार्या बिंदु जॉर्ज जेकब ने बताया कि हर साल 5 जून को मनाया जाने वाला 'विश्व पर्यावरण दिवस' हमें अपनी पृथ्वी, अपने पर्यावरण के प्रति हमारी सामूहिक और व्यक्तिगत जिम्मेदारियों की याद दिलाता है। यह केवल एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि यह एक प्रतिज्ञा है कि हम अपने ग्रह को स्वस्थ और हरा-भरा बनाए रखने के लिए लगातार प्रयास करेंगे। यह दिन दुनिया भर के लोगों को पर्यावरण संबंधी मुद्दों पर सोचने और उनके समाधान के लिए प्रेरित करता है, ताकि हम सब मिलकर एक बेहतर और टिकाऊ भविष्य का निर्माण कर सकें। साथ ही संस्था के निर्देशक शेजू जार्ज जेकब ने हम सभी देश वासियों को एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते पर्यावरण बचाने और सब को पौधा लगाने के लिए प्रेरित करते और आशा जताए। इस कार्यक्रम के अवसर पर संस्था के निर्देशक शेजू जार्ज जेकब, प्राचार्या बिंदु जॉर्ज जेकब, प्रबंधक आशीष जार्ज जेकब,शैक्षणिक निर्देशक सुमंत कुमार आचार्य समस्त शिक्षक, शिक्षिका,समस्त कार्यरत स्टाफ उपस्थित रहे । कार्यक्रम के अंत में उप प्राचार्य लोवित रत्नाकर ने उपस्थिक सभी को संस्था के ओर से धन्यवाद ज्ञापित किए।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन





हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 30 दिवसीय जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन 4 जून 2025 को गांधी मैदान परिसर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण शिविर 6 मई से प्रारंभ होकर 4 जून तक चला, जिसमें जिले के बच्चों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न खेलों का अभ्यास किया और आवश्यक तकनीकी ज्ञान प्राप्त किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव रहे। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि, ऐसे शिविर युवाओं के सर्वांगीण विकास और खेल भावना को बढ़ावा देने में बेहद उपयोगी साबित होते हैं। कार्यक्रम में थाना प्रभारी ओम प्रकाश यादव, पार्षद मधु देवांगन, निरंजन प्रधान, खेम बघेल सहित अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। इस ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में क्रिकेट, फुटबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, खो-खो, तीरंदाजी, हॉकी और वेटलिफ्टिंग जैसे प्रमुख खेलों में बच्चों को प्रशिक्षित किया गया। अनुभवी प्रशिक्षकों ने न केवल खेल की तकनीकी बारीकियों पर ध्यान दिया, बल्कि अनुशासन, टीमवर्क और फिटनेस के महत्व को भी समझाया। समापन अवसर पर प्रतिभागियों ने प्रदर्शन मैचों और व्यायाम गतिविधियों के माध्यम से अपने कौशल का परिचय दिया। मुख्य अतिथि एवं अन्य अधिकारियों द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे उनके चेहरों पर आत्मविश्वास और संतोष की झलक साफ दिखाई दी। इस शिविर के सफल आयोजन में संजीव साहू विकासखंड नोडल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण गरियाबंद, महेंद्र यादव, जीतू सेन, अख्तर खान, टिंकू ठाकुर एवं मनोज कंवर का विशेष सहयोग उल्लेखनीय रहा।

**राजीव लोचन जिला मानस संघ गरियाबंद की बैठक संपन्न**

## पैरी परिक्रमा, पितर मानस महोत्सव तुलसी जयंती पर महत्वपूर्ण निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव (कोरासी)



चतुर्भुज सिरकट्टी आश्रम में गुरुवार को मम राजीव लोचन जिला मानस संघ गरियाबंद की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर गहन चर्चा हुई और कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। यह जानकारी राघवेंद्र मानस संघ छुरा के अध्यक्ष जागेश्वर राम ध्रुव ने दी। प्रमुख प्रस्ताव में दो दिवसीय पैरी परिक्रमा, मम राजीव लोचन जिला मानस संघ गरियाबंद और चतुर्भुज सिरकट्टी आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में, महामंडलेश्वर महंत श्री गोवर्धनशरण महाराज के सान्निध्य में, 12 और 13 जून को दो दिवसीय पैरी परिक्रमा का आयोजन किया जाएगा। सभी से इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने और अपने ग्रामवासियों व अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया गया। आगामी वार्षिक सम्मेलन का आयोजन पितृ पक्ष में 'पितर मानस महोत्सव' के रूप में किया जाएगा। जिला स्तरीय तुलसी जयंती 2025 का आयोजन 3 अगस्त 2025, रविवार को ग्राम जुनवानी (छुरा) में होना सुनिश्चित हुआ है। संगठन की मजबूती के लिए सभी ब्लॉक मानस संघों का पुनर्गठन उनके वर्तमान अध्यक्षों द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही, वे अपने-अपने ब्लॉक में शक्ति केंद्रों का भी पुनर्गठन करेंगे और नए मंडलों को संघ से जोड़ेंगे। नए और पुराने मंडलों की सूची बनाकर जिला पदाधिकारियों को सौंपी जाएगी। भविष्य में निरंतर प्रशिक्षण के लिए संगोष्ठी का आयोजन भी सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक के अंत में, देश में हुए पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की गई। भारतीय सेना के शौर्य को नमन करते हुए, ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता के लिए बधाई दी गई।

## मुक्तिधाम में किया गया पौधारोपण



**गरियाबंद।** नगर पालिका गरियाबंद द्वारा नगर के मुक्तिधाम को सुंदर और हरा-भरा बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत मुक्तिधाम परिसर में पौधारोपण किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के अवसर पर वार्ड क्रमांक 8 स्थित मुक्तिधाम में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रिखी राम यादव, उपाध्यक्ष आसिफ़ मेमन, पार्षद छगन यादव सहित अन्य पार्षदगण और नगर पालिका के कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और इस पहल को सामाजिक सरोकार से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। नगर पालिका अध्यक्ष रिखी राम यादव ने कहा कि मुक्तिधाम न केवल अंतिम विदाई का स्थान है, बल्कि इसे स्वच्छ, शांत और हरित बनाना सभी की जिम्मेदारी है। नगर पालिका द्वारा आगामी दिनों में और भी पौधे लगाए जाने की योजना है, ताकि नगर के प्रत्येक क्षेत्र में हरियाली बढ़ाई जा सके।

सर्वप्रथम अत्याधुनिक
(अल्ट्रामॉडर्न) बर्न यूनिट
10 इंटेंसिव आइसोलेशन केयर ग्लास केबिन, हेपा फिल्टर/लेमिनर फ्लो 100% जीवाणु रहित ग्लास केबिन.
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
ट्रॉमा केयर यूनिट
- पॉली ट्रॉमा
- मिनिमली इन्वेसिव ट्रॉमा सर्जरी
- कूल्हे एवं कमर के फ्रेक्चर
- पुराने ना जुड़े/टेढ़े-मेढ़े जुड़े फ्रेक्चर
- हड्डियों से मवाद रिसना
- ICU एवं क्रिटिकल केयर टीम की सेवा सहित
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

**नीम, पीपल, बरगद के सैकड़ों पौधे रोपे**

## हर नागरिक लगाए एक पौधा, छोड़े प्लास्टिक : चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर जिला पंचायत गरियाबंद में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल करते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्रकार और जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर ने किया। इस मौके पर जनप्रतिनिधियों, पंचायत अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही।

भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्रकार ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा की पर्यावरण हमारी साझा धरोहर है, और इसे संजोकर रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। यह वृक्षारोपण न केवल हरियाली को बढ़ावा देता है, बल्कि प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ हमारी चेतना और संकल्प को भी मजबूत करता है। हमें एकल-उपयोग प्लास्टिक का त्याग कर पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने होंगे।" उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर ने भी अपने संबोधन में लोगों को प्रेरित करते हुए कहा की आज लगाए गए पौधे भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा और जीवन का उपहार हैं। यदि हम अपने रोजमर्रा के जीवन में छोटे बदलाव करें, जैसे कपड़े के थैले का उपयोग और पुनर्चक्रण को बढ़ावा देना, तो हम प्लास्टिक प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण पा सकते हैं।

**इनकी रही उपस्थिति-** इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष सुमित पारख वरिष्ठ भाजपा नेता बल्देव सिंह हुंदल, मुरलीधर सिन्हा, पालिका अध्यक्ष रिखी यादव, उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, जनपद अध्यक्ष सोहन ध्रुव, जिला पंचायत सदस्य लेखराज ध्रुवा, धनराज विश्वकर्मा, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष पारस ठाकुर, आशीश शर्मा, सुरेन्द्र सोनटेके, प्रकाश सोनी, आशीष तिवारी, वर्षा तिवारी, काजूराम चक्रधारी, लालसिंह दीवान, परमेश्वर सेन , रोशन पुरी गोस्वामी, एसडीएम ऋषा ठाकुर, जनपद सीईओ कुमार सिंह नागेश सहित जिला पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**प्रदूषण के खतरों पर आधारित कार्य शालाएं**



जिला पंचायत परिसर व आसपास के क्षेत्रों में नीम, पीपल, बरगद सहित सैकड़ों पौधे रोपे गए। प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों पर आधारित कार्य शालाएं आयोजित की गईं। उपस्थित नागरिकों ने पर्यावरण की रक्षा व प्लास्टिक के उपयोग में कटौती का संकल्प लिया। इस वर्ष की थीम "प्लास्टिक प्रदूषण को हराएं के तहत यह कार्यक्रम न केवल एक स्थानीय प्रयास था, बल्कि यह एक वैश्विक चुनौती के प्रति सामूहिक उत्तरदायित्व की अभिव्यक्ति भी रहा। भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्रकार के मार्गदर्शन और लालिमा ठाकुर की सहभागिता में आयोजित यह कार्यक्रम जिले में पर्यावरण जागरूकता को एक नई दिशा देने में सफल रहा।

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 9,100/-
स्पेशल ट्रेन
13 सितंबर से 19 सितंबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411